हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 1 अप्रैल 2026

11 बेमौसम बरसात ने बढ़ाई किसानों की चिंता



12 प्लास्टिक दाने की दो फैक्ट्रियों व एक गोदाम में लगी आग



गांव ढाकला में सोमवार रात बड़ी वारदात

## करोड़ों के जमीन विवाद में बेटे ने पिता को मारीं दो गोलियां, पीजीआई में भर्ती

- दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त हैं घायल, बेटा शिक्षा विभाग में क्लर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार देर रात क्षेत्र के गांव ढाकला में एक युवक ने जमीनी विवाद के कारण अपने पिता को एक के बाद एक दो गोलियां मार दीं, जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।

घायल व्यक्ति की पहचान ईश्वर सिंह निवासी ढाकला के तौर पर की गई है। बताया जा रहा है कि ईश्वर सिंह दिल्ली पुलिस से हेडकांस्टेबल के पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि आरोपी सतीश शिक्षा विभाग में क्लर्क के पद पर है। पुलिस द्वारा घायल ईश्वर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

### एक गोली बाजू तो दूसरी टांग में लगी

जानकारी के अनुसार करोड़ों रुपये की जमीन को लेकर पिता-पुत्र में विवाद हो गया। इस बीच सतीश ने अपने पिता ईश्वर सिंह पर एक के बाद एक दो गोलियां चला दीं, जो ईश्वर की बाजू और टांग में लगी है। उनका पीजीआई रोहतक में उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि अभी ईश्वर सिंह की हालत खतरे से बाहर है।

## डीजे पर विवाद में युवक को पीटा

**बहादुरगढ़।** शहर में एक कार्यक्रम के दौरान डीजे पर नाचने के दौरान विवाद हो गया। इस विवाद में तीन युवकों ने एक युवक पर डंडों से हमला किया। हमले में युवक को काफी चोट आई। उसकी शिकायत पर सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में शास्त्री नगर के निवासी डेविड उर्फ अंकुश ने कहा है कि गत 27 मार्च की रात को वह देव नगर में गया हुआ था। वहां डीजे पर बड़े पापा की तीन युवकों के साथ कहासुनी हो गई। नौबत हाथापाई तक जा पहुंची। लोगों ने बीच बचाव कराया। इसके बाद आरोपी युवक मेरे पास आए और डंडों से हमला कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

## गैस बुकिंग की लिस्ट व स्टॉक की जानकारी बाहर करें चस्पा

- दावा-जिले में 10539 सिलेंडर उपलब्ध, मांग केवल 7500

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रूप से चल रही है। प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में 26 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं और 10539 सिलेंडर उपलब्ध हैं और मांग केवल 7500 की ही है। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसी उनके यहां उपलब्ध स्टॉक की पूर्ण जानकारी अपने परिसर के बाहर चस्पा करें और साथ ही जिन उपभोक्ताओं को अगले दिन सिलेंडर दिए जाने हैं उनकी सूची भी पहले दिन रात को या अलसुबह बाहर लगा दें। इससे एजेंसी के बाहर भीड़ नहीं होगी और लोगों को पता चल जाएगा कि सिलेंडर किसको मिलना है। उन्होंने कहा कि अगर गैस सिलेंडरों को लेकर कोई कालाबाजारी करता है तो उसकी तुरंत सूचना नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 01251-254270 पर दें।

## 19 वर्षीय क्रिकेटर ने स्टेशन परिसर में ट्रेन के आगे कूदकर दी जान


- सोमवार रात को घर से निकला था, मोबाइल से हुई शिनाख्त

**बहादुरगढ़।** सोमवार देर रात को स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर के प्लेटफार्म के निकट ट्रैक पर युवक का शव मिला। युवक द्वारा ट्रेन के आगे छलांग लगाकर जान देने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान करीब 19 वर्षीय पवन के रूप में हुई है। लाइनपार के सुभाष नगर का रहने वाला था। पढ़ाई के साथ-साथ प्रोफेशनल क्रिकेटर भी था। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात को वह घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। देर रात को स्टेशन परिसर के पास ट्रैक पर उसका शव मिला। बताते हैं कि ट्रेन के आगे उसने छलांग लगाई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। युवक के पास मिले मोबाइल से शिनाख्त हो पाई। इसके बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम करा दिया गया। मौत की असल वजह जांच का विषय है।









# अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।



लाइफ Style

# कुब्रा
## खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।

## हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।



# तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रेडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



# मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



# मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

## टीवी मसाला



# नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरुनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।


## सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत



**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।'लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।

# 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का'की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



### 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।

### फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का'एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

# रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण'की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण'की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।'लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।





### सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।

### दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

## कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

# अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।*



### आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

### कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

### अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

### दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

कटाई के बाद खेतों में रखी सरसों की फसल भी हुई खराब

# बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसलों को भारी नुकसान




झज्जर। शहरी क्षेत्र में हल्की बारिश के बीच गुजरते हुए वाहन, बारिश और तेज हवाओं के कारण बिछी गेहूं की फसल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बेमौसम बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बरसात के कारण जहां खेत में खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं फसल कटाई के बाद खेत में रखी सरसों की फसल भी भीगने के बाद खराब हो रही है। जिसके कारण किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। गेहूं की फसल पककर तैयार है, तेज हवाओं के साथ हो रही बरसात के कारण फसल नीचे गिर रही है। इससे पैदावार कम होने की संभावना जताई जा रही है। गेहूं व सरसों के अलावा बरसात के कारण सब्जी की फसल भी खराब हो रही है। जिसके परिणाम आगामी दिनों में देखने को मिल सकते हैं। पैदावार कम होने के कारण सब्जियों के दामों में इजाफा होने की संभावना है। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। जिसने किसानों की चिंता को और अधिक बढ़ा दिया है।

### मौसम हुआ सुहाना, तापमान में आई गिरावट

मंगलवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और तेज हवाएं चलती रही। जिसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। उधर, बारिश के कारण जन जीवन भी प्रभावित रहा और लोगों को अपने दिनचर्या के कार्य निपटाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### बहादुरगढ़ में दिनभर बदलता रहा मौसम

**बहादुरगढ़।** मार्च माह में मौसम बार-बार बदलता रहा। महीने के अंतिम दिन मंगलवार को भी यह परिवर्तन देखने को मिला। तेज धूप निकली, बादल छाए, तेज हवा चली और बूंदाबांदी भी हुई। जिसका असर तापमान पर देखने को मिला। वहीं दूसरी तरफ किसान चिंतित हैं। मंगलवार की सुबह तेज धूप के साथ दिन की शुरुआत हुई। दोपहर तक तेज धूप के कारण गर्मी महसूस हुई लेकिन दोपहर को ही एकाएक मौसम ने करवट ली। आसमान में बादल छाए और हवा चल पड़ी। फिर बूंदाबांदी शुरू हो गई। देर शाम तक बादल गरजते रहे और रुक रुक कर बूंदाबांदी का दौर जारी था। यदि बरसात लगातार होती है तो फसलों का नुकसान हो सकता है। इस वजह से किसान चिंतित है।



झज्जर। मंगलवार सुबह अनाज मंडी परिसर में सरसों की फसल सुखाते हुए आढ़ती।

## सरसों के कटे केवल दो टोकन, व्यापारी ऊंचे दामों में कर रहे खरीद

**झज्जर।** ऊंचे दामों में व्यापारियों द्वारा सरसों की फसल खरीदने के कारण किसान सरकारी रेट पर फसल बेचने में कम रुचि दिखा रहे हैं। मंगलवार को भी सिर्फ दो किसान ही अपनी फसल को लेकर मंडी में पहुंचे और अपने टोकन कटवाएं। बता दें कि सरकार द्वारा सरसों की फसल के लिए 62 सौ रुपये प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया हुआ है, जबकि प्राइवेट एजेंसियां और व्यापारी 65 सौ रुपये से लेकर सात हजार रुपये तक सरसों खरीद रहे हैं और भुगतान भी साथ के साथ कर रहे हैं। इस कारण किसानों का रुझान निजी स्तर पर बेचने में ज्यादा दिखाई दे रहा है।डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि जिले भर में गेहूं खरीद के लिए 10 मंडी और खरीद केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर बुधवार से खरीद कार्य होगा। उन्होंने कहा कि 2585 रुपये से एमएसपी पर गेहूं की खरीद शुरू होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मंडियों के खरीद केंद्रों पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। किसानों के लिए पेयजल का प्रबंध हो। खरीद प्रक्रिया सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार हो। किसानों को जागरूक करें कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं। सरसों में आठ प्रतिशत से ज्यादा और गेहूं में 12 प्रतिशत से ज्यादा नमी नहीं होनी चाहिए। खरीदी गई उपज का नियमित उठान सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गेहूं खरीद के 10 और सरसों खरीद के लिए 5 मंडी अधिसूचितः डीएफएससी राजेश्वर मुदगिल ने बताया कि जिले में गेहूं की खरीद के लिए झज्जर, बेरी,छारा, मातनहेल, माजरा दूबलधन, बहादुरगढ़, पाटौदा, आसौदा, बादली तथा ढाकला सहित कुल दस मंडियां निर्धारित की गई हैं, जबकि सरसों की खरीद के लिए झज्जर, बेरी, मातनहेल, ढाकला एवं बहादुरगढ़ मंडियों में व्यवस्था की गई है।



बहादुरगढ़। अधिकारियों के साथ मंडी में पहुंचे चेयरमैन विनोद कौशिक।

## चेयरमैन ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण

**बहादुरगढ़।** मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक ने मंगलवार को रबी फसल खरीद की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मंडी में आने वाली मुख्य फसलें गेहूं और सरसों की खरीद के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गेट पास व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, मंडी परिसर में पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल और शौचालयों की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। रबी सीजन के दौरान मंडी में किसानों की संख्या अधिक रहती है, ऐसे में सभी मूलभूत सुविधाओं को पहले से ही मजबूत किया जाए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। विनोद कौशिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसलों के सही तौल और समय पर खरीद सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक के बाद विनोद कौशिक ने अधिकारियों के साथ अनाज मंडी का निरीक्षण भी किया।

### आज काला दिवस मनाएगी यूनियन

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर और मजदूर कल्याण मंच ने केंद्र सरकार की नई श्रम नीतियों के विरोध में एक अप्रैल को काला दिवस मनाने की घोषणा की है। संगठन के जिला सचिव सतीश कुमार और लोकल कमेटी सचिव लालजी ने कहा कि इस दिन कार्यकर्ता व समर्थक काली पट्टी बांधकर अपने-अपने कार्यस्थलों पर विरोध दर्ज कराएंगे। कर्मचारी नेताओं का आरोप है कि एक अप्रैल से लागू किए जा रहे चार नए लेबर कोड मजदूरों और कर्मचारियों के हितों के खिलाफ हैं। इन प्रावधानों के लागू होने से यूनियन बनाने और हड़ताल करने के अधिकार जटिल हो जाएंगे, जिससे श्रमिकों की आवाज कमजोर पड़ेगी। नए कानूनों से न्यूनतम वेतन, समान काम के लिए समान वेतन, सामाजिक सुरक्षा और स्थायी रोजगार जैसी व्यवस्थाएं प्रभावित होंगी। ठेका प्रथा को बढ़ावा मिलने और काम के घंटों को लेकर स्पष्ट सीमा न होने से श्रमिकों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ने की आशंका जताई गई है।

### तीन शक्ति मंदिर में कल होगा भव्य कार्यक्रम

**बहादुरगढ़।** शहर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में शहर के तमाम मंदिरों में कार्यक्रम होंगे। जटवाड़ा स्थित तीन शक्ति मंदिर जन सुधारक सभा में भी भव्य कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। दो अप्रैल की सुबह मंदिर परिसर में हवन होगा। हवन में आहुति डालकर सुख, समृद्धि की कामना की जाएगी। इसके बाद करीब 9 बजे ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम होंगे। बाबा की महिमा का गुणगान होगा और भंडारा भी आयोजित होगा।

## शिव का ध्वज फहराकर मानवता का दिया संदेश



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद अनुयायी। फोटो : हरिभूमि

- सेवाकेंद्र ओम शांति सरोवर के प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा मंगलवार को एचएल सिटी में निर्माणाधीन सेवाकेंद्र ओम शांति सरोवर के प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परमपिता परमात्मा शिव का ध्वज फहराकर मानवता के कल्याण और विश्व शांति का संकल्प लिया गया। मुख्य वक्ता मुख्य संचालिका बीके अंजलि ने उपस्थित जनसमूह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सेवाकेंद्र भविष्य में एक ऐसा आध्यात्मिक स्तंभ बनेगा, जहां से निकलने वाले शांति के वाइब्रेशन न केवल बहादुरगढ़, बल्कि पूरे भारतवर्ष को आलोकित करेंगे। सेक्टर-2 की संचालिका बीके विनीता ने कहा कि यह स्थान एक आध्यात्मिक आराम का केंद्र होगा, जहां लोग दुनिया की भागदौड़ से दूर आकर मन की शीतलता और शांति का अनुभव करेंगे। वहीं, सेक्टर-13 की संचालिका बीके रेनू ने विश्वास जताया कि ओम शांति सरोवर के माध्यम से परमात्मा का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। बीके अमृता ने ध्वजारोहण की बधाई दी। दिल्ली, झज्जर, नरेला, मंडावली और गुरुग्राम सहित विभिन्न क्षेत्रों से वरिष्ठ राजयोगिनी तपस्विनी बहनों और भाइयों ने शिरकत की। बीके सुनीता, आदेश, गीता, भावना, नवीन गोयल, जय भगवान और गुरुग्राम से बीके अनिल रहे। बीजेपी के लाभार्थी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव संजीव सैनी भी उपस्थित रहे।

बीके संदीप सिंघल ने निर्माणाधीन सेवाकेंद्र की रूपरेखा और आगामी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बीके दिनेश ने भी अपने शुभ विचार रखे और इस केंद्र की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बीके सुरेंद्र ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## उद्योगों को नहीं मिल रही पर्याप्त गैस

**बहादुरगढ़।** जिले में घरेलू गैस की कमी को लेकर कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। संस्था के अनुसार, जमीनी स्तर पर गैस की उपलब्धता प्रभावित है, जिससे उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को परेशानी हो रही है। कोबी पदाधिकारियों ने कहा है कि कर्मचारियों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा और छोटे सिलेंडर महंगे दामों पर बिक रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर कोबी ने 27 मार्च को प्रशासनिक बैठक में मामला उठाया। संस्था ने कालाबाजारी रोकने और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही 5 किलो गैस सिलेंडर कनेक्शन के लिए कर्मचारियों का डेटा साझा करने की सुविधा भी शुरू की गई है। कोबी ने उद्योगों को कमर्शियल गैस कनेक्शन लेने की सलाह देते हुए कहा कि वह श्रमिकों को राहत दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक : डॉ. राजश्री



बहादुरगढ़। मुख्य अतिथि डॉ. राजश्री सिंह व जैकलीन जिंदल को स्मृति चिह्न भेंट करते कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- गांव डाबोदा खुर्द के बाबा सोटे वाला मंदिर में वार्षिक भंडारा

*बहादुरगढ़। गांव डाबोदा खुर्द स्थित बाबा सोटे वाला मंदिर में आयोजित वार्षिक भंडारे में पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह व डॉ. जैकलीन जिंदल ने शिरकत की। मंदिर कमेटी व ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में श्रद्धा और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला। डॉ. राजश्री सिंह ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया और युवाओं को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है। युवाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यदि नशा करना ही है तो पढ़ाई, मेहनत और राष्ट्र सेवा का करें। माता-पिता का मान बढ़ाएं। उन्होंने युवाओं को शिक्षा को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने नशामुक्त व संस्कारित समाज बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान मनजीत मलिक, रामकिशन, सतीश, रमेश, राज, राजीव, प्रदीप, मेहर सिंह, रमेश राठी, अशोक, आनंद और राजेंद्र मलिक सहित अन्य उपस्थित रहे।*

## भगवान परशुराम भवन की आधारशिला कार्यक्रम को लेकर दिया निमंत्रण

- कार्यक्रम में रामकेश जीवनपुरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम का निमंत्रण देते हुए ब्राहमण महासभा के महासचिव पंडित संत सुरेहती। फोटो : हरिभूमि

आगामी पांच अप्रैल को सेक्टर नौ में भगवान परशुराम भवन की आधारशिला कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को श्री ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए सभी समाज के लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया। महासभा के महासचिव एवं गो सेवा आयोग के पूर्व सदस्य पंडित संत सुरेहती ने बताया कि मंगलवार को झज्जर से कोसली मार्ग का दौरा किया गया। इस दौरान राजपूत महासभा सहित सभी समाज के लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में राज्य खेलमंत्री गौरव गौतम, विधायक मुकेश पहलवान, पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में रामकेश जीवनपुरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र का लाभ उठाएं ग्रामीण: कर्मजीत



कर्मजीत छिल्लर

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव छुछकवास में सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र ग्राम सचिवालय में खुला हुआ है। सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में ग्रामीण अंचल के होने वाले छोटे विवादों का आपसी मनमुटाव दूर करके समझा कर विवादों का समाधान समझौता आपसी सहमति से कराया जाता है। इस समझौता सदन में जो भी समझौता दोनों पक्षों की सहमति से होगा उसका लिखित विवरण किया जाएगा इस लिखित फैसले के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई अपील नहीं की जा सकती। शिकायतकर्ता समझौता सदन में स्वयं प्रार्थना पत्र पेश कर अपने मामले की सुनवाई करा सकता है। इस प्रकार प्रार्थी पुलिस थाने व न्यायालय के चक्कर लगाने से बच सकता है। समझौता सदन में अब तक 27 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें 21 शिकायतों पर आपसी सहमति से समझौता कराया गया। समझौता सदन में नियुक्त प्रशिक्षित मध्यस्थत कर्मजीत छिल्लर ने लोगों से करते हुए कहा कि अपने छोटे विवादों का अधिक से अधिक संख्या में मध्यस्थता केंद्र के समक्ष रखकर लाभ उठाएं।

### आईटीआई पास विद्यार्थियों के लिए अप्रेंटिसशिप मेला आज

**झज्जर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झज्जर एट गुढ़ा के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि आईटीआई परिसर में बुधवार को सुबह दस बजे अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बिजली निगम के अधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि वायरमैन, कोपा और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व्यवसाय के जो आईटीआई पास विद्यार्थी अपरेंटिस करना चाहते हैं, वो इस अप्रेंटिसशिप मेले में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अप्रेंटिसशिप मेले में आईटीआई पास-आउट विद्यार्थियों का इंटरव्यू व लिखित परीक्षा ली जाएगी। जो विद्यार्थी रिटन टेस्ट व इंटरव्यू में अच्छे अंक प्राप्त करेंगे, उनको विभाग द्वारा अप्रेंटिस के लिए चयन किया जाएगा।

## डीसी ने लंबित शिकायतों को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है और इसमें प्राप्त प्रत्येक शिकायत का त्वरित व संतोषजनक निवारण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में विकास एवं पंचायत, राजस्व और पंचायती राज विभागों से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर से प्राप्त समस्याओं का निर्धारित अवधि में समाधान जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, उनकी एटीआर समय पर प्रस्तुत की जाए, ताकि कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों के माध्यम से अब तक 5774 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 179 शिकायतें लंबित हैं। इन सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान किया जाए।

माता-पिता के पास जीवन का बहुत लंबा अनुभव होता है, जिससे हमें मार्गदर्शन मिलता है

# श्रद्धालुओं ने किया श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी.. मंत्र का जाप

### बाबा कांशीगिरी मंदिर में धर्म सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हमें हमेशा माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। माता-पिता से ही हमारे अंदर संस्कार आते है। माता-पिता के पास जीवन का बहुत लंबा अनुभव होता है, जिससे हमें मार्गदर्शन मिलता है। उनका लंबा अनुभव हमें जीवन की सही राह दिखता है। एकादशी का दिन भगवान विष्णु को समर्पित हैं, और इस दिन मृत्यु होने से व्यक्ति को भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता हैं। एकादशी के दिन निधन होने पर व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। जो व्यक्ति मोक्ष प्राप्त कर लेता है, वह जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो जाता हैं। यह बात बाबा कांशीगिरी मंदिर में धर्म सभा में पंडित मीनू शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए अपनी माता पिता से बिछड़ना सबसे दुःखद पल होता है। वहीं योगेश रंजन, पंकज भारद्वाज, राधेश्याम भाटिया, ताराचंद भूटानी, मीनू शर्मा ने श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा...मंत्र का जाप कराया।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंडित मनमोहन शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

*इस अवसर पर पंडित पवन कौशिक, बनवारी लाल शर्मा, वेद बहल पाशु, प्रवीण सुखीजा, विनीत पोपली, नयन हंस, आशीष चावला, मनीष मेहता, सुधांशु हंस, पंकज भारद्वाज, विनोद भूटानी, सुभाष वर्मा, अश्वनी अरोड़ा, ताराचंद भूटानी, जगदीश गेरा, सूबे सिंह हरित, अनिल छाबड़ा, रजनीश हरित, सुभाष भाटिया, अमित नागपाल, राधेश्याम भाटिया, संजय मक्कड़, मोहन चुघ, देवराज, गौतम आर्य, प्रवीण जुनेजा, प्रिंस सेठी, मुकेश सुखीजा, देवेश शर्मा, प्रदीप भाटिया, अमन नागपाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।*

### किशोरियों को लगाई एचपीवी वैक्सीन



बहादुरगढ़। एक किशोरी को सर्टिफिकेट प्रदान करते एडवोकेट विपिन व अन्य।

*बहादुरगढ़। किला मोहल्ला स्थित शहरी पॉलीक्लीनिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का संचालन मेडिकल ऑफिसर डॉ. ममता, एएनएम शुभलता, दयावंती के मार्गदर्शन व देखरेख में किया गया। कैंप का उद्देश्य किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण के प्रति जागरूक करना रहा। कैंप के आयोजन में वार्ड-15 की नगर पार्षद प्रीति भूपेंद्र राठी तथा वार्ड-25 के नगर पार्षद रमन यादव का विशेष सहयोग रहा। मेडिकल ऑफिसर डॉ. ममता ने बताया कि एचपीवीएक आम वायरस है, जो आगे चलकर गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का कारण बन सकता है। इस वायरस से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियां पात्र हैं। इस अवसर पर एडवोकेट विपिन, अमन कुमार, रविंद्र, फार्मासिस्ट विक्रांत, अमन कुमार, वीरू, सूरजभान व रोहित आदि मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### शहर में आज निकलेगी ध्वजा एवं शोभायात्रा

**बहादुरगढ़।** शहर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज एक अप्रैल को भव्य ध्वजा एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर श्री बालाजी महाराज के प्रधान रमेश गुप्ता उर्फ बिल्लू ने देते हुए बताया कि यह धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था और उत्साह का केंद्र रहेगा। एक अप्रैल को शोभा यात्रा श्री राधा-कृष्ण मंदिर अनाज मंडी से प्रारंभ होकर रेलवे रोड, स्टैंडर्ड स्वीट्स, मेन बाजार, झज्जर रोड, मांडौठी बाजार, कमेटी चौक व नजफगढ़ रोड से होती हुई नजफगढ़ रोड स्थित श्रीबालाजी महाराज मंदिर पहुंचेगी। दो अप्रैल को महावीर मंदिर, मेन बाजार से ध्वजा यात्रा सुबह बालाजी मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद 11 बजे राम आरती, 12 बजे भोग व साढ़े 12 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### खेतों से सोलर मोटर और तार ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** गांव भापड़ोदा के खेतों में चोरी की वारदात हो गई। यहां अज्ञात चोरों ने कई किसानों के खेतों से सोलर मोटर व डोरी पर हाथ साफ कर दिया। सोमवार की रात को यह वारदात होने की बात सामने आई है। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। सुभाष, विनोद, ब्रह्मशर्त, प्रवीण, आजाद आदि के खेतों से सोलर मोटर व तार आदि पर हाथ साफ किया गया है। मंगलवार की सुबह जब किसान खेत में गए तो उन्हें वारदात का पता चला। फिर पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### भगवान महावीर के संदेश को जीवन में अपनाएं

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर क्षेत्रवासियों को भगवान महावीर द्वारा दिए गए अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। जैन ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने मानवता को सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और आत्मसंयम का मार्ग दिखाया, जो आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती हिंसा, तनाव और स्वार्थ की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए महावीर स्वामी के सिद्धांतों को अपनाना आवश्यक है। जैन ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में महावीर स्वामी के आदर्शों को आत्मसात कर ले, तो एक शांतिपूर्ण, समरस और सुखी समाज की स्थापना संभव है।

### सट्टा खाईवाली करता युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** एंटी नारकोटिक्स सेल झज्जर की टीम ने सिटी थाना क्षेत्र से सट्टा खाईवाली करते एक युवक को काबू किया। आरोपी की पहचान चंदन के रूप में हुई है। जटिया मोहल्ला का रहने वाला है। कॉलोनी के निकट से ही उसे काबू किया गया। इस दौरान उसके पास सट्टा पर्चियां व कुछ रुपये बरामद हुए। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है।

## निजामपुर रोड पर भीषण हादसे से लोगों में बनी दहशत

# प्लास्टिक दाना तैयार करने वाली दो फैक्ट्रियों व एक गोदाम में लगी आग

- कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू
- फैक्ट्री में खड़ी एक टाटा एस गाड़ी भी आग में पूरी तरह जली
- प्रथमदृष्टया शार्ट सर्किट बताई जा रही हादसे की वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




**बहादुरगढ़।** आग के बाद फैक्ट्री के हालात व फैक्ट्री के बाहर खड़ी दमकल गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

इलाके में निजामपुर रोड पर स्थित प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्रियों में सोमवार देर रात को भीषण आग लग गई। देखते ही देखते दो फैक्ट्रियों और एक गोदाम चपेट में आ गया। तीनों में रखा काफी माल व मशीनें जल गईं, जबकि एक गाड़ी भी खाक हो गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। कई घंटों की मशक्कत के बाद मंगलवार की सुबह आग पर नियंत्रण पाया जा सका।

दरअसल, निजामपुर रोड पर बड़ी संख्या में प्लास्टिक दाना तैयार करने वाली फैक्ट्रियां हैं। बीती रात करीब साढ़े 12 बजे यहां कपिल नाम के शख्स की एक इकाई में आग सुलग गई। प्लास्टिक आदि ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते आग तेजी से फैली और साथ लगती संजय की फैक्ट्री तक भी पहुंच गई। इस फैक्ट्री में एक टाटा एस गाड़ी भी खड़ी थी। इतना ही नहीं, साथ लगता एक अन्य गोदाम भी चपेट में आ गया, जिसका मालिक दिलबाग बताया जा रहा है। सूचना पाकर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी।



**बहादुरगढ़।** आग से खाक हुई एक गाड़ी।

### आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं

दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे बाद मंगलवार की सुबह नियंत्रण पाया जा सका। इस दौरान दोनों फैक्ट्रियों और गोदाम में मौजूद मशीने, प्लास्टिक दाना सहित अन्य सामान व एक गाड़ी पूरी तरह से जल गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है, शार्ट सर्किट की आशंका है, लेकिन नुकसान काफी हुआ है। बता दें कि आसपास रिहायशी कॉलोनियां भी हैं। कई बार इन इकाइयों में आग लगने की घटना हो चुकी है। इस वजह से लोगों को परेशानी होती है। इन इकाइयों में कार्रवाई की केवल औपचारिकता निभाई जाती है।



**बहादुरगढ़।** सामूहिक हरियाणवी नृत्य पर प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के शंकर गार्डन स्थित शक्ति विद्या मंदिर हाई स्कूल में 39वां पारितोषिक वितरण समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। नर्सरी कक्षा से नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों का क्रमवार परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वहीं गत शिक्षा सत्र में बोर्ड की दसवीं परीक्षा में मेरिट स्थान पाने वाले विद्यार्थियों के अलावा विभिन्न शैक्षिक, खेल, ज्ञानवर्धक व अन्य प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं सम्मान किया गया। छात्र-छात्राओं ने नाटिका, लोक नृत्य, भाषण के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, नशाखोरी पर भी कड़ा प्रहार किया। स्कूल निदेशक प्रवीण कुमार शर्मा ने शिक्षकों के साथ मिलकर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्रिंसिपल राजेश्वरी देवी ने वार्षिक रिपोर्ट जारी की। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल पूनम, कीर्ति शर्मा, सुमन देवी, रवि, सरिता, अनुराधा, शारदा, सोनिया, सुमन, सविता, नेहा समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# देशवाल कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों ने नप चेयरमैन का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को देशवाल कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों ने नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर व्यापारियों द्वारा फूलमाला पहनाकर चेयरमैन का स्वागत किया और देशवाल कॉम्प्लेक्स में सड़क, लाइटिंग व सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने के कारण आभार जताया।

कार्यक्रम के संयोजक व्यापारी एवं भाजपा के जिला प्रेस प्रवक्ता गीतांशु चावला ने कहा कि देशवाल कॉम्प्लेक्स में मूलभूत सुविधाओं की कमी थी। यहां सड़कें टूटी हुई थीं, लाइटिंग व्यवस्था खराब थी और सफाई व्यवस्था भी न के बराबर थी।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

इसको लेकर व्यापारियों द्वारा नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी के संज्ञान में मामला लाया गया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए नप चेयरमैन ने देशवाल कॉम्प्लेक्स में सड़कों का निर्माण करवाया है, नई लाइटें लगवाई हैं और सफाई के लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इस दौरान नगर पार्षद जयपाल सिंह बांगड़, व्यापार मंडल के जिला प्रधान केशव सिंगल, पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू छाबड़ा, नरेंद्र चावला, विनीत पोपली, सुनील यादव, राकेश अरोड़ा, अरविंद्र कोट, प्रदीप कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# देशव्यापी भंडारे की तैयारियां तेज

## लोवा कलां में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- कल सुबह आठ बजे कन्या गुरुकुल की आचार्या और शिष्याएं हवन व मंत्रोचारण करेंगी

इलाके में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में इलाके में दर्जनों जगह भंडारे व धार्मिक कार्यक्रम होंगे। सबसे बड़ा कार्यक्रम लोवा कलां सिद्दीपुर में होगा। इस बार यहां दो अप्रैल को 64वें देशव्यापी भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

हलवाइयों ने अभी से प्रसाद बनाना शुरू कर दिया है। दो अप्रैल को भंडारे की शुरुआत से पहले सुबह आठ बजे कन्या गुरुकुल की आचार्या और शिष्याएं हवन व मंत्रोचारण करेंगी। उसके बाद भंडारे की शुरुआत होगी और दिन भर सत्संग तथा संत महात्माओं के प्रवचन होंगे। हरियाणा के नामी हलवाई शुद्ध देशी घी का प्रसाद बनाने में जुट गए हैं। लोवा कलां सिद्दीपुर में भंडारे की शुरुआत 64 साल पहले स्व. हुकुमचंद मान, उनकी पुत्रवधु स्व. माता वेदवती, स्व. चौधरी श्रीचंद मान और उनके बड़े भाई स्व. सूरजमल मान तथा धर्मपत्नी स्व. रामप्यारी ने की थी। अब उस परंपरा को अशोक मान, दलबीर मान, सिकंदर मान और उनका परिवार आगे बढ़ा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में देश भर से खाप, तपों के प्रतिनिधि, बड़ी राजनीतिक हस्तियों के साथ फिल्मी सितारे, सामाजिक संगठन, किसान संगठनों सहित काफी लोग शिरकत करेंगे।



**बहादुरगढ़।** प्रसाद बनाने में जुटे हलवाई। फोटो : हरिभूमि



**बहादुरगढ़।** भंडारा कार्यक्रम में पहुंचे दिनेश कौशिक व अन्य भाजपा नेता।

### बराही में हनुमान जयंती पर किया हवन व भंडारा

**बहादुरगढ़।** गांव बराही में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन मंजीत पांचाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन के साथ हुई। इसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने शिरकत की। दिनेश कौशिक ने कहा कि हनुमानजी शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें समर्पण, निष्ठा और परोपकार की प्रेरणा मिलती है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, किसान मोर्चा अध्यक्ष राम अहलावत, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रामकंवार सैनी, ग्रीवेंस सदस्य नरेश भारद्वाज, ब्लॉक चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय जून, भानू टिकरी, सोनू, रवि कौशिक, प्रवीन कौशिक, विकास पंवार, तुषार जांगड़ा आदि मौजूद रहे।



**झज्जर।** विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के साथ पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह।

### बच्चों को धैर्य, सहनशीलता व सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करें अभिभावक : डॉ. राजश्री

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निमाना में हुआ वार्षिकोत्सव

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निमाना में मंगलवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि बच्चों के जीवन में माता-पिता, विशेषकर माताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि बचपन से ही बच्चों में अच्छे संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का समावेश किया जाए, तो वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। एक गंभीर घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि हाल ही में एक व्यक्ति द्वारा अपने ही पिता को गोली मार दी गई, जो न केवल निंदनीय है बल्कि समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक भी है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं इस बात की ओर संकेत करती हैं कि कहीं न कहीं संस्कारों और नैतिक शिक्षा की कमी रह गई है। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को सही दिशा में मार्गदर्शन दें और उन्हें अच्छे-बुरे का अंतर समझाएं। उन्होंने बच्चों को संयम और आत्मनियंत्रण का महत्व बताते हुए कहा कि गुस्से पर काबू पाना और विवेकपूर्ण निर्णय लेना जीवन में सफलता की कुंजी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को धैर्य, सहनशीलता और सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करें, ताकि वे हर परिस्थिति में संतुलित और समझदारी भरा व्यवहार कर सकें। इस दौरान उन्होंने गोकुल धाम गोसेवा तीर्थ धाम के संचालक सुनील निमाना द्वारा विद्यालय में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# छोटूराम धाम के लिए दी 25 लाख की चौथी किश्त

- राकेश जून ने धाम निर्माण में सहयोग के लिए की थी सवा करोड़ की घोषणा, अब तक एक करोड़ की राशि दी जा चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रोहतक के गांव जसिया में निर्माणाधीन दीनबंधु सर छोटूराम धाम के लिए समाजसेवियों का सहयोग लगातार मिल रहा है। इसी कड़ी में एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून ने धाम निर्माण के लिए 25 लाख रुपये की चौथी किश्त प्रदान की। यह राशि उन्होंने जाट सेवा संघ के प्रधान रणधीर सिंह व अन्य पदाधिकारियों को चेक के माध्यम से सौंपी।

दरअसल, राकेश जून ने अपने स्वर्गीय पिता सुंदर लाल जून की स्मृति में दीनबंधु सर छोटूराम धाम के निर्माण के लिए सवा करोड़ रुपये दान देने की घोषणा की थी। इस घोषणा के तहत अब तक चार किश्तों में एक करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है। जाट सेवा संघ के प्रधान रणधीर सिंह ने जून परिवार के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज व शिक्षा के उत्थान के लिए इस प्रकार के प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक हैं।

वहीं, राकेश जून ने कहा कि दीनबंधु सर छोटूराम धाम को एक वैश्विक स्तर के शैक्षणिक व सामाजिक केंद्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह स्थल शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। इस मौके पर रणबीर जून, जाट सेवा संघ के आईटी प्रभारी डॉ. धर्मबीर राठी, कैशियर रामकरण दलाल, अशोक सिहाग, दीपक फोगाट, दीपक राठी, हरज्ञान मलिक, भूपेंद्र जागलान, नरेंद्र हुड्डा, रामकिशन कुंडू, दर्शन हुड्डा, सहित अन्य उपस्थित रहे।




**बहादुरगढ़।** चेक सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारियों के साथ एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून व राकेश जून को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### मंदिर निर्माण में दिया पांच लाख रुपये का दान

**बहादुरगढ़।** एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून ने विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। साथ ही मंदिर निर्माण व धार्मिक आयोजनों में आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने नानोद गांव में स्थित दादी सती मंदिर के निर्माण में समिति को पांच लाख रुपये का दान दिया। मंदिर निर्माण समिति की ओर से राकेश जून का सम्मान किया गया। उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इसके अलावा एचएल सिटी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर आयोजित कार्यक्रम में जून बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने नीलकंठ महादेव मंदिर निर्माण के लिए कई बार दान दिया है। भगवान हनुमान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन अरोड़ा बिल्डर्स कर रहा है। राकेश जून ने कहा कि समाज के कल्याण के लिए सामाजिक संस्थाओं की मदद की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि दान देने से किसी का धन घटता नहीं है बल्कि व्यक्ति और समाज को मजबूती मिलती है।

## खबर संक्षेप



**बहादुरगढ़।** शिविर के समापन पर प्रिंसिपल, शिक्षक व स्वयंसेवक।

### कैंप में स्वयंसेवकों ने दिया सेवा भावना का परिचय

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह उत्साह व गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य दलबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करते हैं। एनएसएस इकाई-1 के कार्यवाहक अमित कुमार व इकाई-2 की कार्यक्रम अधिकारी रचना ने शिविर की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। शिविर के दौरान रसोई व्यवस्था में पूनम रानी का विशेष योगदान रहा तथा देवेंद्र ने भी पूरे शिविर में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। समापन समारोह के अंत में स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई।



**बहादुरगढ़।** प्रिंसिपल व शिक्षकों के साथ मेधावी छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### बेहतर परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यार्थी किए पुरस्कृत

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 स्थित डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी से नौवीं के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने आर्य समाज समिति के सदस्यों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र के उच्चारण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन स्नेहा और प्रतीक्षा द्वारा किया गया। समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। तीसरी कक्षा में लावण्या ने प्रथम, प्रिशा ने द्वितीय और कृतिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौथी कक्षा में प्रणीत ने प्रथम, शनाया ने द्वितीय और प्रियल ने तृतीय स्थान पर प्राप्त किया। पांचवीं कक्षा में मनस्विनी ने प्रथम, हर्षिता ने द्वितीय, नित्या और सक्षम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छठी में विदित गोयल पहले, निर्वान दूसरे व माधवी तीसरे स्थान पर रही। सातवीं में गुरप्रीत, रोहांशी व भूमिका ने बाजी मारी। नौवीं में यश वशिष्ट ने प्रथम, कार्तिक यादव ने द्वितीय और प्रियांशु वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही गणित ओलंपियाड और हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्मृति चिह्न प्रदानक किए गए। ब्रह्मजीत छिकारा, जयपाल दहिया, ईश्वर आर्य, बिजेंद्र खोखर, सुकरम पाल, सत्यपाल वत्स आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



**झज्जर।** स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित ग्रामीण एवं चिकित्सीय टीम।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों ने कराई जांच

**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के गांव महराणा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों द्वारा सेवाएं दी गई। शिविर में पहुंचे लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराते हुए सुविधा का लाभ उठाया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर चरण सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल के संबंध में भी जानकारी दी गई।




**झज्जर।** डीआईपीआरओ सतीश कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए विभागीय कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### डीआईपीआरओ सतीश कुमार हुए सेवानिवृत्त

**झज्जर।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश कुमार 15 वर्ष की संतोषजनक, समर्पित एवं सराहनीय सेवा पूर्ण करने के उपरांत मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इससे पहले सतीश कुमार ने लगभग 20 वर्ष भारतीय वायुसेना में भी कार्य किया है,इसके उपरांत वे 2011 में सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त हुए थे। समारोह के दौरान अधीक्षक धर्मबीर सिंह गुलिया, एआईपीआरओ बेरी डॉक्टर अश्वनी कुमार और समस्त स्टाफ सदस्यों ने डीआईपीआरओ सतीश कुमार के सेवाकाल को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कार्यशैली की प्रशंसा की।

### सोशल मीडिया पर गन कल्चर और सट्टेबाजी के खिलाफ नवीन जयहिंद ने छेड़ा अभियान



**झज्जर।** सोशल मीडिया पर बढ़ते गन कल्चर, गंदे कंटेंट और सट्टेबाजी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने बड़ा कदम उठाते हुए घंटी बजाओ, सोशल मीडिया से गंदगी मिटाओ अभियान की शुरुआत की है। मंगलवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नवीन जयहिंद ने कहा कि आज सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन, हिंसा और सट्टेबाजी जैसे कंटेंट युवाओं को गलत दिशा में ले जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि इस पर सख्त नियंत्रण के लिए ठोस नीति बनाई जाए,ताकि आने वाली पीढ़ी को बचाया जा सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने समय रहते इस दिशा में काम नहीं किया तो 2047 तक विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा और देश विनाश की ओर बढ़ सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर सरकार ने इस विषय पर ध्यान नहीं दिया तो वे सरकार के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी यह लड़ाई किसी व्यक्ति या पार्टी के खिलाफ नहीं,बल्कि देश और प्रदेश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए है। उन्होंने आम जनता से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और इसे जन आंदोलन बनाने की अपील की है।